प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 24.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना छजलैटः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 24.04.2024 को उ0नि0 लाजपत सिंह थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त नदीम पुत्र सलीम निवासी ग्राम करणपुर थाना मूढ़ापाण्ड़े जनपद मुरादाबाद को अवैध 125 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना छजलैट पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूध मु0अ0सं0-86/2024 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- भैंस चोरी करने का 01 आरोपी गिरफ्तार थाना पाकबड़ाः-

अवगत कराना है कि दिनांक 23.01.2024 को वादी निवासी थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत ने अज्ञात चोरो द्वारा वादी के घेर से 02 भैंस चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0- 16/2024 धारा- 380 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। विवेचना व साक्ष्यो के आधार पर अब्बास आदि 04 आरोपीगण के नाम प्रकाश में आये । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 23.04.2024 को आरोपी अब्बास पुत्र अलीसैन निवासी इस्लामनगर भूड कस्बा व थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। तथा आरोपी के कब्जे से भैंस चोरी से संबंधित-1280/ रूपये बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर उक्त मुकदमें में धारा 411 भा0द0वि0 की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3-घर में घुसकर गाली-गलौच, मारपीट, पथराव व जान से मारने की धमकी देने की 01 आरोपिता गिरफ्तार थाना कांठः-

अवगत कराना है कि दिनांक 22.04.2024 को वादिनी निवासनी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपीगण द्वारा रात्रि के समय वादिनी के घर में घुसकर वादिनी व वादिनी के पति के साथ गाली-गलौच, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व घर पर पथराव करने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0- 150/2024 धारा- 458/336/323/504/506 भादवि0 बनाम श्रीमती नसीमा आदि के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 24.04.2024 को उ0नि0 पुष्पेन्द्र सिंह व म0उ0नि0 प्रियंका थाना कांठ जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपिता श्रीमती नसीमा पत्नी असलूम निवासी ग्राम गढी थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4- आत्महत्या करने को उकसाने का आरोपी गिरफ्तार थाना कांठः-

अवगत कराना है कि दिनांक 18.03.2024 को वादिनी निवासनी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपी द्वारा वादिनी की ननंद को आत्महत्या करने को उकसानें के सम्बन्ध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0- 87/2024 धारा- 306 भा0द0वि0 बनाम सन्दीप के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 24.04.2024 को उ0नि0 विपिन राठी थाना कांठ जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी सन्दीप पुत्र राजपाल सिंह निवासी मौ0 पट्टीवाला कस्बा व थाना काँठ जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

5- चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार थाना ठाकुरद्वाराः-

अवगत कराना है कि दिनांक 23.04.2024 को वादी निवासी थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रान्तर्गत ने अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर की अलवारी से चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0- 171/2024 धारा- 380 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। विवेचना व साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में आरोपी दानिश पुत्र मुश्तकीम निवासी मोहल्ला काशीराम कलोनी कस्वा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 24.04.2024 को उ0नि0 उज्जवल राणा थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी दानिश उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। तथा आरोपी के कब्जे से मुकदमा उक्त से संबंधित चोरी का सामान दो पायजेव व तीन अंगूठी सफेद धातु व 5 पत्ते कण्ठी माला के पीली धातु कुल कीमत करीब 25 हजार रुपये बरामद किये गये। बरामदगी व साक्ष्यो के आधार पर उक्त मुकदमें में धारा 457/411 भा0द0वि0 की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

उत्तर प्रदेश पुलिस